TSVS के स्टूडेंट्स ने आसरा वृद्धाश्रम में मनाया स्वतंत्रता दिवस

• वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के अनुभवों से सीखने और समझने के बाद हुआ ग्रुप फोटो।

सिटी रिपोर्टर • द संस्कार वैली स्कूल (टीएसवीएस) के स्टूडेंट्स 70 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आसरा वृद्धाश्रम गए। इस मौके पर स्टूडेंट्स ने वृद्धों के पास याद के रूप में मौजूद उनके अनुभवों को सुना। बड़े-बुजुर्गों का मनोरंजन करने के लिए उनके समक्ष लोकगीत और लोकनृत्य पेश किए जिन्हें काफी सराहा गया। स्टूडेंट्स के लिए यह बहुत ही इमोशनल कर देने वाले क्षण थे, जिसमें उन्होंने बुजुर्गों के सानिध्य में कई सारी फन एक्टिविटीज भी कीं। बुजुर्गों की जरूरत के मुताबिक रोजमर्रा की सामान डोनेट किया गया। यह विजिट स्टूडेंट्स के लिए इतना सुंदर अनुभव रही कि उन्होंने अपने टीचर्स का आभार व्यक्त किया।